सार-समाचार

कन्हैयालाल निर्विरोध जिलाध्यक्ष बने

मंडफिया, (निसं)। राजस्थान आचार्य ब्राह्मण समाज सेवा समिति मुख्यालय सनवाड के बैनर तले चित्तौड़गढ़ जिला अध्यक्ष का चुनाव संपन्न हुआ। कन्हैयालाल सिंहपुर निर्विरोध चित्तौड़गढ़ जिलाध्यक्ष बने।समाजसेवी सुरेश चंद्र आचार्य भादसोड़ा ने बताया कि राजस्थान आचार्य ब्राह्मण समाज सेवा समिति सनवाड के प्रदेश अध्यक्ष पन्नालाल आचार्य के मुख्य आतिथ्य में चित्तौड़गढ़ जिला अध्यक्ष का चुनाव भादसोड़ा चौराहा स्थित प्राकट्यय स्थल सांवलिया जी मंदिर की धर्मशाला में बुधवार हुए। जिले से आए पदाधिकारी एवं समाज जनों की उपस्थिति में महासचिव पवन आचार्य, कमलेश आचार्य एवं सेवानिवृत्त एसडीएम सत्यनारायण आचार्य ने अध्यक्ष पद के लिए चुनाव निर्विरोध करने का प्रस्ताव रखा। इस आधार पर सभी समाज जनों की उपस्थिति में बाबूलाल आचार्य गंगरार, चंपालाल, सुरेश चंद्र सिंहपुर, लोकेश शर्मा चित्तौड़गढ़, गोविंद गणेशपुरा, जगदीश कन्नौज, नारायण शर्मा चित्तौड़गढ़ आदि ने विचार व्यक्त किए। बाद में सभी समाज जनों की उपस्थिति में सर्व सम्मति से कन्हैयालाल आचार्य सिंहपुर को निर्विरोध अध्यक्ष नियुक्त करने की सहमति पर सिंहपुर को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। सभी ने ऊपरना एवं शाफा पहनाकर अध्यक्ष सिंहपुर का स्वागत किया और प्राकट्यय स्थल सांवलियाजी मंदिर पर पहुंचकर भगवान से आशीर्वाद प्राप्त कर मंगल कामना की। इस अवसर पर इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष पन्नालाल आचार्य, महासचिव पवन आचार्य, कमलेश आचार्य उदयपुर, नारायण लाल, दिनेश, मांधु लाल, जगदीश कन्नौज सहित समाज के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

छात्राओं को दी कानूनी जानकारी

मण्डफिया, (निसं)। तालुका विधिक सेवा समिति मंडफिया के अध्यक्ष विकास अग्रावत के निर्देशानुसार आधारशिला आवासीय विद्यालय अमरपुरा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन हुआ। पैरा लीगल वॉलंटियर गोकुल लाल बागोरिया ने शिविर का संचालन करते हुए आवासीय विद्यालय की समस्त अ ज जा छात्राओं को कन्या भ्रूण हत्या, पोक्सो अधिनियम 2012 एवं अपने बचाव के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 109 8 , बाल विवाह निषेध अधिनियम 1961 पर विस्तृत जानकारी कराते हुए बाल विवाह के दुष्परिणामों की जानकारी दी। छात्राओं को दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 के बारे में बताते हुए दहेज प्रथा से बचाव के लिए धारा 498 ए के बारे में बताया। छात्राओं को गुड- टच एंड बैड - टच की जानकारी दी। मृत्यु भोज के बारे में जानकारी कराते हुए मृत्यु भोज में शामिल नहीं होने की सलाह दी । शिविर के अंत में प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम हुआ, जिसमें प्रश्नों का सर्वप्रथम सही उत्तर देने वाली छात्रा अनीता ,कोमल, पायल, तनु ,सुशीला, सपना एवं मनीषा को पुरस्कार प्रदान किया गया।

अश्लील मैसेज करने वाला गिरफ्तार

डूंगरपुर, (निसं)। रामसागडा थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर एक महिला का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर भद्दी टिप्पणी करने का आरोप है। फिलहाल पुलिस मामले में आरोपी से पूछताछ कर रही है। रामसागडा थानाधिकारी ने बताया की 12 अप्रैल को एक महिला की ओर से रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी। महिला ने रिपोर्ट में बताया कि नरेश पुत्र पोपटलाल मेणात निवासी जालुकुआ ने एक सोशल मीडिया ग्रुप वॉट्सऐप पर उसके चरित्र को लेकर अश्लील मैसेज किया। वहीं आरोपी ने उस पर कई भद्दी टिप्पणियां की। इससे उसका अपमान हुआ है। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने मामले में आरोपी नरेश पुत्र पोपटलाल मेणात को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं आरोपी पर महिला और गवाहों को डराने धमकाने के भी आरोप हैं। थानाधिकारी युवाओं से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किसी भी तरह की आपत्तिजनक और अश्लील मैसेज नहीं करने की अपील की है। ऐसी हरकतें करना कानूनी अपराध है और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

साबेला व सुनेरिया तालाब का निरीक्षण

डूंगरपुर, (निसं)। शहर की स्वच्छता और सुंदरता को बनाये रखने हेतु सभापति अमृत कलासुआ के निर्देश पर बुधवार को उपसभापति सुदर्शन जैन ए पार्षद अशोक चौबीसा एवं नितिन चौबीसा ने शहर के साबेला और सुनेरिया तालाब का निरीक्षण किया और वहां साफ-सफाई रखने हेतु सफाई शाखा को निर्देशित किया। उपसभापति के नेतृत्व में पार्षदों ने साबेला तालाब के सौंदर्यीकरण हेतु कठोर निर्णय लेते हुए वहां मलबा और गंदगी फेकने वालो पर सख्त कार्यवाही करने की बात कही। उपसभापति जैन ने कहा कि सभापति के निर्देश पर साबेला और सुनेरिया तालाब का निरीक्षण किया गया वहां तत्काल प्रभाव से सफाई करने हेतु निर्देशित किया गया गया है साथ ही वहां बिल्डिंग मटेरियल फेकने वालो पर जुर्माना वसूलने हेतु निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही वार्ड की साफ-सफाई के साथ वार्ड में निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि वार्ड में बिना निर्माण स्वीकृति के कोई भी निर्माण कार्य पाया जाएगा तो उस पर विभागीय कार्यवाही के साथ जुर्माना भी वसूला जाएगा।

सड़क हादसे में युवक की मौत

डूंगरपुर, (निसं)। साबला थाना क्षेत्र में उदयपुर.बांसवाडा रोड पर बोरिया मोड के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि बाइक सवार अन्य युवक घायल हो गया। साबला थाना पुलिस के अनुसार उदयपुर-बांसवाडा रोड पर बोरिया मोड के पास मंगलवार रात को एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 2 युवक के हाथए पैरए सिर पर गंभीर चोटें आई। मौके पर मौजूद लोगो ने घटना की जानकारी साबला थाना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने 108 एम्बुलेंस की मदद से घायलों को साबला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद एक युवक को मृत घोषित कर दिया।

बांसवाड़ा जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं : चतुर्वेदी

बांसवाड़ा, (निसं)। जिले के प्रभारी सचिव एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के निदेशक घानेन्द्र भान चर्तुवेदी ने कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारियों की बैठक लेते हुए सभी विभागों से आमजन से जुडी समस्याओं एवं उनके समाधान के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे जिले में रात्रि चौपाल एवं औचक निरीक्षण कर आमजन के नजदीक पहुंचे तथा उनकी वास्तविक परेशानियों की पहचान सुनिश्चित करते हुए राहत प्रदान करने के लिए समन्वित प्रयासों के साथ समय पर समाधान की कार्यवाही सुनिश्चित करे। जिला प्रभारी सचिव ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं को प्रभावी बनाने के लिए अधिकारियों को रात्रि चौपालों का आयोजन कर आमजन की समस्याओं को सुनने के साथ इनका समाधान सुनिश्चित कर फीड बेक लेने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशासनिक सुधार प्रक्रिया को प्रभावी बनाने पर चर्चा करते हुए बैठक में अधिकारियों से कहा कि आकस्मिक निरीक्षण की प्रक्रिया को सतत बनाये रखे तथा इसमें होने वाले सुधारों तथा व्यवस्थाओं में रही कमियों का फीडबेक लेते हुए आगामी दौरो में कमियों को दूर करने के प्रयास करे। जिला कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव ने जिले में विभिन्न विभागों के माध्यम से किए जा रहे कार्यो की

जिले प्रभारी सचिव घानेन्द्र भान चर्तुवेदी ने कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारियों की बैठक ली।

जानकारी दी। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर अभिषेक गोयल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश भारद्वाज सहित जिले के सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जिला प्रभारी सचिव ने बैठक में जिले की पर्यावरण स्थिति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों से कहा कि जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं है इन संभावनाओं को पूरे मन के साथ कार्य करते हुए अमली जामा पहनाए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पर्यटन के विकास के लिए आवश्यक प्रस्तावों को तैयार कर स्वीकृति के लिए भेजा जाए। उन्होंने कहा कि जिले में प्राकृतिक स्थिति को देखते हुए पर्यटन के विकास की विपुल संभावनाएं है तथा इसके लिये आवश्यक प्रयास सुनिश्चित किए जाए। उन्होंने प्रशासनिक सुधार के तहत प्रारम्भ की गई ई-फाईल व्यवस्था के तहत पत्रावली भिजवाने व निस्तारण करने के निर्देश दिए। प्रभारी सचिव चर्तुवेदी ने जिले में गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल, बिजली की सप्लाई व रख-रखाव संबंधी जानकारी लेते हुए इन सुविधाओं के आमजन से जुडे होने के कारण इनमें आने वाली समस्याओं का त्वरित गति से समाधान कर राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में चिकित्सा सुविधाओं को बेहतर तरीके से जरूरतमंदों तक पहुंचाने के निर्देश दिए वहीं विभागीय अधिकारियों से सामान्य प्रसव तथा सिजेरियन प्रसव के आंकडों की जानकारी लेते हुए कहा कि सामान्य प्रसव को प्राथमिकता देते हुए सिजेरियन प्रसव आवश्यक होने पर ही बल दें। प्रभारी सचिव ने जिले में शिक्षा के स्तर पर शिक्षाधिकारियों से जानकारी लेते हुए कहा कि बच्चों में शिक्षा के प्रति निरसता को दूर करने के साथ रूचिकर बनाने के लिए आवश्यक प्रयास किए जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा में विभिन्न नवाचारों के साथ शिक्षा को रूचिकर बनाया जाए तथा बच्चों में शिक्षा प्राप्त करने के लिए वातावरण का निर्माण हो। बैठक में उन्होंने कृषि, पशुपालन, उद्यान, शिक्षा, सिंचाई, नगर परिषद, सार्वजनिक निर्माण विभाग, अवैध खनन रोकथाम, कानून व्यवस्था, शुद्ध के लिए युद्ध, सम्पर्क पोर्टल पर लम्बिक प्रकरणों, खाद्य सुरक्षा आदिं की जानकारी ली एवं योजनाओं की प्रगति पर चर्चा करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश भी दिए।

शिविर आज से

राजसमंद,(निसं)।भारत विकास परिषद जिला शाखाग्रीष्मावकाश के दौरान गुरूवार से 22 मई तक विभिन्न आयु वर्ग के महिला, पुरुष एवं बच्चों के लिए विभिन्न विषयों को लेकर अभिरुचि प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करने जा रही है। अभिरुचि शिविर प्रभारी नीता सोनी ने बताया कि इस शिविर गांधी सेवा सदन उमावि में प्रतिदिनआयोजित होगा।

निमंत्रण पत्रिका का विमोचन

बांसवाड़ा, (निसं)।श्री राधा कृष्ण शंख मंदिर के त्रयोदश पाटोत्सव के तहत भागवत कथा की निमंत्रण पत्रिका का विमोचन का कथावाचक संत रमणराम महाराज, बडा रामद्वारा के संत राम प्रकाश महाराज व दशामाता धाम की गादीपति राजू बेन ने किया।

श्री राधा कृष्ण शंख धाम सेवा समिति अध्यक्ष राजेश भावसार ने बताया कि शास्त्री नवनीत पंड्या के आचार्यत्व में दो दिवसीय विष्णु याग का कार्यक्रम होगा। उन्होंने बताया कि आगामी 23 से 29 मई तक सप्त दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के तहत नानी बाई का मायरा, विष्णुयज्ञ कार्यक्रम व भागवत कथा ज्ञान यज्ञ स्वामी रमणराम महाराज, मेडता धाम रामस्नेही संप्रदाय के सानिध्य में होंगे। भावसार ने बताया कि 23 मई को दोपहर 3 बजे शोभायात्रा व पोथी यात्रा निकाली जायेगी। इस अवसर पर मानस मंडल के अमृतलाल पंचाल, नानू लाल पंचाल, अशोक पालीवाल, रौनक पुरोहित, राजकुमार शर्मा, कन्हैयालाल श्रीमाल, कल्याण सिंह आदि मौजूद रहे।

राजमार्ग के सहायक पथों के अनुरक्षण कार्यों में देरी पर जताई नाराजगी

राजसमंद, (निसं)। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने ग्राम बडारडा एवं पसून्द में राजमार्ग के सहायक पथों के अनुरक्षण कार्यों में देरी पर गहरी नाराजगी व्यक्त की है। संबंधित क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता, ग्रामवासी एवं व्यापारियों ने विधायक दीप्ति से विधायक कार्यालय में भेंट कर सहायक पथ में जल भराव की समस्या एवं अनुरक्षण कार्यों में हो

■ **विधायक दीप्ति ने राजमार्ग के सहायक पथों की समस्या दूर करने के दिए निर्देश**

रही देरी से अवगत करवाया था।

माहेश्वरी ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं अनुरक्षण कार्य करने वाली कंपनी के पदाधिकारियों से वार्ता करके समस्याओं की शीघ्र समाधान के लिए निर्देश दिए। अनुरक्षण के अधूरे पडे कार्यों को शीघ्र पूरा करने एवं वर्षा ऋतु के प्रारंभ से पहले जलभराव के क्षेत्रों को चिन्हित करके व्यवस्थित निकासी के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की। इस दौरान

राजमार्ग प्राधिकरण अनुरक्षण कार्य करने वाली कंपनी के पदाधिकारियों से वार्ता करती विधायक माहेश्वरी।

उप महाप्रबंधक नवनीत चौधरी, कांट्रेक्टर राजेंद्र कलाल, प्रोजेक्ट हेड सुभाष कुमावत, नेशनल हाइवे रिप्रेजेंटेटिव नरेंद्र देवडा, टोल प्रबंधक जयनंदन मिश्रा, पूर्व जिला महामंत्री सत्यनारायण पूर्बिया, मंडल अध्यक्ष मुकेश जोशी, चंद्रेश कुमावत, प्रहलाद कुमावत, रमेश कुमावत, अक्षय कुमावत सहित मौजूद थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनेगा भारत आर्थिक महाशक्ति : विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की आर्थिक महाशक्ति बनने जा रहा है। भारत 2027 तक विश्व की तीसरी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। आज भारत में मध्यम वर्ग का तेजी से विस्तार हो रहा है।

देश के करोडों नागरिक निर्धनता की सीमा से बाहर निकले हैं। निर्धन परिवारों के जीवन स्तर में, शिक्षा और स्वास्थ्य के स्तर में पिछले 10वर्षों में भारी सुधार हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार की योजनाओं से समाज में बडा परिवर्तन आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीसरा कार्यकाल भारत के लिए ऐतिहासिक परिवर्तनों का कार्यकाल होगा।

सार-समाचार

रक्तदान शिविर आयोजित

बांसवाड़ा, (निसं)। रक्त की कमी से जूझ रहे जिला ब्लड बैंक के लिए लिखमीदास सेवा संस्थान, सर्व समाज मोटागांव एवं सपना फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर में 52 रक्तवीरो ने रक्तदान किया। स्व. राजा भोई की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित रक्तदान शिविर में आसपास के गांवो से आये रक्तवीरो ने रक्तदान कर श्रद्धांजलि अर्पित की। 43 डिग्री तापमान में एक तरफ जहां तेज गर्मी से आमजन घरों से बाहर नही निकल रहे है वही मोटागांव के रक्तवीरो ने रक्त की कमी को देखते हुए रक्तदान किया। रक्तवीरो का कहना था कि इमरजेंसी के समय ब्लड बैंक जाकर रक्तदान करना हर बार सम्भव नही रहता ऐसे में अगर आसपास शिविर लग रहा है तो उसमें जरूर हिस्सेदारी निभाई जा सकती है। शिविर में नारीशक्ति ने सराहनीय सहयोग करते हुए रक्तदान कर प्रेरित किया। शिविर में किरण देवी भोई ने दुसरी बार, रोशनी सोनी लोहारिया, मोनिका भोई, आंचल भोई, आरती भोई, शान्ति देवी, रवीना भोई, धर्मेन्द्र सिंह ने 13वी बार, कमलेश भोई ने दसवीं बार, राजेंद्र सिंह ने नौवी बार, गोपाल गहलोत ने छठी बार,अंकुश कुमार ने पांचवी बार, विनय टेलर ने चौथी बार, दिलीप बुनकर ने तीसरी बार, मिलन पंड्या ने दुसरी बार, ठाकुर सुरेंद्र सिंह मान ने तीसरी बार, महेश सोनी ने तीसरी बार, सेवालाल भोई ने दुसरी बार, सुनिल हियोती, लक्षित पंचाल, चिराग भोई सहित 52 रक्तवीरो ने रक्तदान किया।

74 विधायक प्रतिनिधियों की नियुक्ति

उदयपुर, (कासं)। शहर विधायक ताराचंद जैन ने उदयपुर शहर विधानसभा के 37 राजकीय विद्यालय मैं 74 विधायक प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया। शहर विधायक ताराचंद जैन द्वारा मनोनीत विधायक प्रतिनिधियों में मुख्यत: पूर्व शिक्षा अधिकारी शिवजी गौड़,भरत मेहता, भाजपा के वरिष्ठ नेता दलपत सुराणा, बलवीर सिंह दिगपाल, एडवोकेट दिनेश गुप्ता, आकाश बागरेचा, महेंद्र सिंह शेखावत, अनिल सिंघल, सुंदरलाल कटारिया, जगदीश सुथार, गजेंद्र जैन, राजेंद्र परिहार, कुंदन चौहान, ललित तलेसरा के नाम सम्मिलित हैं।जैन ने बताया कि उदयपुर शहर विधानसभा में 37 राजकीय विद्यालय हैं जिसमें शासकीय योजनाओं के संचालन एवं आवश्यक शासकीय बैठकों में प्रतिनिधित्व करने हेतु उनके द्वारा प्रति विद्यालय दो विधायक प्रतिनिधि के रूप में कार्यकर्ताओं को मनोनीत किया है। इस तरह कुल 74 विधायक प्रतिनिधि की नियुक्ति कर जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है कि इस नियुक्ति की सूचना समस्त संस्था प्रधानों को की जाए एवं विद्यालय संचालन एवं अन्य गतिविधियो मैं इन सभी की भागीदारी नियम अनुसार सुनिश्चित की जाए।

शिक्षक संघ ने दिया ज्ञापन

बांसवाड़ा, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर जिला संयोजक दिनेश मईडा, सह संयोजक दिलीप पाठक और गढी शाखा अध्यक्ष पृथ्वीपाल सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में छ: सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षा मंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया। जिला संयोजक दिनेश मईडा ने कहा कि शिक्षक संघ राष्ट्रीय अपने धेय सूक्ति राष्ट्र हित में शिक्षा, शिक्षा हित में शिक्षक और शिक्षक हित में समाज के अनुरूप समय समय पर शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर सरकार का ध्यान आकर्षित करता रहा है लेकिन अब तक सरकार द्वारा कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं करने से आहत है। अत: 6 सूत्रीय मांगों के लेकर ज्ञापन दिया। जिला मीडिया प्रभारी जनक भट्ट ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020को 1 जुलाई 2024 से लागू करने, विभिन्न संवर्गो के शिक्षकों की पदोन्नति एवं न्यायिक वाद की स्थिति में निर्णय न्यायालय के अधीन रखते हुए पदोन्नति की तत्काल करने, अधिशेष शिक्षकों के वेतन की समस्या दूर करने, माध्यमिक शिक्षा में कोरोना काल में नामांकन में वृद्धि हुई है तद्नुसार स्टाफिंग पैटर्न बढे हुए नामांकन के साथ लागू करने, शिक्षा के क्षेत्र में एनजीओ का अनावश्यक हस्तक्षेप समाप्त करने और संस्कृत शिक्षा में प्रवेशिका विद्यालय को ऋमोन्नत कर वरिष्ठ उपाध्याय विद्यालय बनाने और पद सृजित कर नियमित भर्ती करने जैसी मांगे की गयी। ज्ञापन देने वालों में उपशाखा अध्यक्ष शंकरलाल भगोरा, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष वजीर खान पठान, रमेश भुज, मोहनलाल मईडा, भगवती शंकर ठाकुर आदि प्रमुख रहे।

जल स्त्रोत एडवर्ड समन्द तालाब के गहरीकरण का कार्य शुरू

डूंगरपुर, (निसं)। भारतीय जैन संघटना द्वारा सुखा मुक्त डूंगरपुर अभियान के द्वितीय वर्ष के अन्तर्गत शहर के मुख्य जल स्त्रोत एडवर्ड समन्द तालाब को गहरीकरण का कार्य बुधवार से शुरू किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं उद्घाटनकर्ता जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह,जब कि अध्यक्षता राजस्थान वाटर हेड राजकुमार बाफना, विशिष्ठ अतिथि जिला परिषद सीईओ मुकेश कुमार चौधरी, बीडीओ हितेन्द्र त्रिवेदी थे। स्थानीय ग्राम पंचायत कांकरादरा सरपंच ईश्वरलाल कोटेड एवं चकमहुंडी सरपंच शंकर- लाल भी मंचासीन रहे। जिला कलक्टर एवं जिला परिषद सीईओ ने भी उक्त कार्य करने हेतु भारतीय जैन संघटना की प्रशंसा की एवं प्रशासनिक स्तर पर हर तरिके से सहयोग करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजस्थान वाटर हेड राजकुमार बाफना ने उक्त कार्य को हरित क्रान्ति के समान जल क्रान्ति नाम दिया। जिला वाटर प्रोजेक्ट हेड प्रतिक जैन ने बताया कि गत वर्श की तरह इस वर्ष भी भारतीय जैन संघटना ने डूंगरपुर शहर के प्रमुख जल स्त्रोत में जिला प्रशासन से एमओयु कर तालाब गहरीकरण का कार्य शुरू किया है। जिसके अन्तर्गत तालाब गहरीकरण का समस्त खर्च भारतीय जैन संघटना द्वारा वहन किया जावेंगा। स्थानीय कृषको

एडवर्ड समन्द तालाब को गहरा करने का कार्य का श्रीफल वधेर कर शुभारंभ करते जिला कलक्टर।

को तालाब से निकलने वाली उपजाऊ मृदा भी नि:षुल्क उपलब्ध दी जावेगी। जिससे तालाब की वाटर होल्डिन्ग केपेसीटी के साथ ही खेतो की उर्वरता एवं फसल पैदावार में वृद्धि होगी। ज्ञात रहे कि भारतीय जैन संघटना ने गत वर्ष भी बोरी स्थित जोगेला तालाब एवं वागदरी स्थित मॉडल तालाब में भी गहरीकरण का कार्य किया था। स्थानीय शहर से दिग्पाल गांधी, केशु भाई नागदा, पृथ्वीराज जैन, रवि सेठ, दिनेश जैन, निलेश डेन्डू, प्रदीप कोटडिया, विनय जैन, वन्दन जैन उपस्थित रहे। विभिन्न समाजसेवी संस्था से महावीर इन्टरनेशनल अध्यक्ष विजय जैन, महावीर इन्टरनेशनल वीरा की अध्यक्षा कल्पना जैन, सचिव पुश्पक जैन, रेणु, पूजा एवं दिपल जैन, चैम्बर ऑफ कॉमर्स से महामंत्री प्रभुलाल पटेल, जैन नवयुवक मण्डल अध्यक्ष सुबोध सरैया, महामंत्री रोनी मेहता, पीपी एजुकेशन से प्रकाश पंचाल, सनातन धर्म समिति अध्यक्ष सुरेन्द्र चौबीसा,भारत विकास परिशद तिलक शाखा अध्यक्ष मुकेश श्रीमाल, पंकज जैन, मुरली भाई षाह, अमित टेलर,एवं कई सामाजिक संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजुद रहे। स्थानीय ग्राम पंचायत से उप सरपंच गटुलाल, वार्ड पंच ज्योतीष, जीवा भाई, शान्ता देवी, ग्रामवासी बालकृष्ण कोटेड, सुखलाल,लालुराम, गौतम भाई, थावरा, हलीया एवं कमला भाई की भी उपस्थिति रही। भारतीय जैन संघटना षाखा उपाध्यक्ष अभिशेक दोषी, कोषाध्यक्ष हर्षवर्धन जैन, शाखा सदस्य विवेक गांधी, डॉ. निमित जैन, विराग सेठ, अखिलेश जैन, ललित चित्तौडा का भी का कार्यक्रम में सहयोग रहा। स्वागत उद्बोधन षाखा अध्यक्ष नीरव जैन, संचालन राजेष डेन्डू एवं आभार शाखा सचिव सौरभ जैन वरदान द्वारा किया प्रस्तुत किया गया।

मजदूरी करते पांच नाबालिग बच्चों को छुड़ाया

डूंगरपुर, (निसं)। चाइल्ड हेल्पलाइन 1098,कोतवाली पुलिस, श्रम विभाग और सृष्टि सेवा समिति ने मिलकर मंगलवार को 5 बच्चों को मजदूरी करते हुए छुडवाया है। अस्पताल चौराहा के पास अलग-अलग जगहों पर यह बच्चे काम कर रहे थे। बच्चों को बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया है, जबकि मजदूरी करवाने वाले के खिलाफ भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष भावेश कुमार जैन ने बताया. बाल अधिकारिता विभाग की ओर से संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1०98 पर शहर के नया अस्पताल चौराहा के आसपास बच्चों से मजदूरी करने की सूचना मिली।

बाल अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक पिंकी मीणा ने बताया. सूचना पर चाइल्ड हेल्पलाइन के समन्वयक मेहुल शर्मा के साथ टीम सुपरवाइजर महेंद्र कलाल, बलदेव परमार, कोतवाली थाना पुलिस, श्रम विभाग और सृष्टि सेवा समिति की टीम मिलकर अस्पताल चौराहा पहुंची। यहां अलग-अलग जगहों पर बच्चों से मजदूरी करवाई जा रही थी।

टीम ने 14 से 15 साल की उम्र के 5 बच्चों को मजदूरी करते हुए छुडवाया। सभी बच्चों को बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष भावेश कुमार जैन,सदस्य बालकृष्ण परमार, उमेश रावल, जयश्री भट्ट के सामने पेश किया गया। जहां सभी बच्चों को आश्रय के लिए अगले आदेशों तक बाल संप्रेक्षण गृह में भेजने के आदेश दिए।

मां अन्नपूर्णा का पाटोत्सव धूमधाम से मनाया

मां अन्नपूर्णा के पाटोत्सव पर आरती उतारते श्रद्धालु।

डूंगरपुर, (निसं)। वागड क्षेत्र की धर्म नगरी श्री कल्लाजी शिव अन्नपूर्णा पंच धाम राजपुर में 'गंगा सप्तमी के शुभ अवसर पर माँ अन्नपूर्णा का 29 वा पाटोत्सव' अखिल भारतीय कल्लाजी सम्प्रदाय के राष्ट्रीय महामंत्री महंत गोपालदास महाराज के सानिध्य में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

श्री कृष्णा कल्याण सेना संस्थापक जिग्नेश वैष्णव ने बताया कि प्रधान पीठाधीश्वर ब्रम्हालीन गुरुदेव महंत गौतमदास महाराज के संकल्प, त्याग और तपस्या से वागड क्षेत्र में अन्न धन की कमी नही हो इस हेतु 1 वर्ष 3 माह एवं 7 दिवस तक अन्न त्याग करते हुए कठोर तपस्या के पश्चात इस पावन तपोभूमि श्री कल्लाजी शिव अन्नपूर्णा पंच धाम राजपुर में आज से 29 वर्ष पूर्व गंगा सप्तमी के शुभ अवसर पर जगत जननी माँ अन्नपूर्णा एवं भगवान शिव की प्रतिमा सुंदर प्रतिमा स्थापित करवाई गई।

महंत जी की इच्छा के अनुसार आज भी श्री कल्लाजी शिव अन्नपूर्णा पंच धाम राजपुर में वर्तमान महंत गोपालदास महाराज द्वारा प्रत्येक रविवार को माँ अन्नपूर्णा का भण्डारा चलाया जा रहा है और विधिवत पूजा. अर्चनाए यज्ञ अनुष्ठान किये जा रहे है। इसी उपलक्ष्य में आज माँ अन्नपूर्णा का 29 वा पाटोत्सव महंत गोपालदास महाराज के सानिध्य में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । जिसमे प्रात: 7 बजे माँ अन्नपूर्णा एवं भगवान शिव का हल्दी, कुमकुम, चन्दन, केशर, दूध, दही, घी, शहद, गंगा जल से महा रुद्राभिषेक किया गया। जिसके बाद भगवान का सुगन्धित पुष्पो एवं मोतियों से सुंदर मनमोहक श्रंगार किया गया दोपहर 12 बजे माँ अन्नपूर्णाजी की महाआरती एवं महाप्रसाद का आयोजन किया गया एवं महंत गोपालदास महाराज द्वारा कल्लाजी महाराज की गादी से दिव्य दरीखाना लगा कर भक्तों को आशीर्वाद दिया।